दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूं न लिखूं सच

वर्षः- 03
अंकः-272
मुरादाबाद
21 January 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### रामायण के लक्ष्मण ने 22 जनवरी को बताया ऐतिहासिक दिवस, बोले- बहुत विशाल हृदय वाला है सनातन धर्म

प्रभु श्रीराम के आगमन के स्वागत में अयोध्या सज चुकी है। पूरा देश राममय है। करीब 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या के ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसमें पूरा देश हिस्सा ले रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर रामायण में लक्ष्मण की भूमिका अदा करने वाले अभिनेता सुनील लहरी ने बात की है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक दिवस करार दिया है।रामानंद सागर के रामायण धारावाहिक में सुनील लहरी लक्ष्मण की भूमिका में नजर आए। इस भूमिका के लिए उन्हें आज भी पहचाना जाता है। सुनील लहरी इन दिनों अयोध्या में हैं। वे रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल और माता जानकी के रोल में दिखीं दीपिका चिखलिया के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने वहां पहुंचे हैं। हाल ही में पीटीआई से बातचीत में अभिनेता ने इस खास मौके पर खुशी जताई।सुनील लहरी ने कहा, 22 जनवरी भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है, जब अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने अपने पहली बार अयोध्या जाने का अनुभव भी साझा किया है। एक्टर ने बताया कि तीन दशक पहले जब वे पहली बार अयोध्या गए थे, तो उन्होंने एक तंबू में भगवान राम की मूर्ति देखी थी। एक्टर ने कहा, देखकर मुझे बहुत खराब लगा।सुनील लहरी ने कहा, मैंने खुद से कहा, इस जगह को देखो, यहीं भगवान राम का जन्म हुआ था और अब उन्हें ऐसी जगह पर रखा गया है। यह बहुत दयनीय था। मुझे लगता है कि समय के साथ न्याय सही दिशा में जाएगा। अब सुनील 22 जनवरी को होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखते हैं, जिसके लिए भारत 500 से अधिक वर्षों से संघर्ष कर रहा था।उन्होंने कहा, इसमें बहुत प्रयास, बलिदान और श्रम लगा है। मुझे लगता है कि यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन होने जा रहा है। सनातन धर्म के बारे में कुछ लोगों द्वारा की गई नकारात्मक टिप्पणियों पर सुनील लहरी ने कहा, वे शायद नहीं समझते कि सनातन धर्म क्या है?

## रामेश्वरम दौरे पर प्रधानमंत्री, मंदिरों में दर्शन-पूजन से पहले रोड शो; उत्साहित दिखी स्थानीय जनता



अयोध्या आगमन से पहले दक्षिण भारत में प्रवास करने पहुंचे पीएम मोदी तमिलनाडु के रामेश्वरम दौरे पर हैं। उन्होंने रोड शो किया। पीएम मोदी मंदिरों में दर्शन-पूजन करने के बाद रामसेतु के शुरुआती बिंदु के रूप में लोकप्रिय धनुषकोडी के अरिचल मुनाई भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु दौरे पर हैं। रामेश्वरम पहुंचे पीएम मोदी ने रोड शो किया। प्रधानमंत्री के स्वागत में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों के किनारे जमा हुए। पीएम का स्वागत-अभिनंदन करते हुए पार्टी समर्थकों ने जमकर फूल बरसाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी दोपहर करीब दो बजे रामेश्वरम पहुंचे। रामेश्वरम दौरे पर प्रधानमंत्री के इस रोड शो से पहले स्थानीय जनता खासा उत्साहित दिखी। पीएम मोदी के आगमन पर तिरुचिरापल्ली की जनता का उत्साह -तिरुचिरापल्ली में पहुंचे पीएम मोदी को अपने बीच पाकर स्थानीय जनता काफी खुश दिखी। पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी की एक झलक पाने को युवाओं के अलावा बुजुर्गों और महिलाओं में भी उत्साह का माहौल दिखा।रामेश्वरम और रामसेतु की जगह अरिचल मुनाई जाने का भी कार्यक्रम-प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम पहुंचने के बाद श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री धनुषकोडी के कोठंडारामस्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। धनुषकोडी के पास ही पीएम मोदी अरिचल मुनाई भी जाएंगे। ऐसी मान्यता है कि लंकापति रावण के साथ संग्राम से पहले श्रीराम की सेना ने राम सेतु का निर्माण इसी स्थान से शुरू किया था।तमिलनाडु प्रवास के दौरान पीएम मोदी के कई अहम कार्यक्रम-रामेश्वरम में रोड शो से पहले प्रधानमंत्री मोदी तिरुचिरापल्ली में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर भी गए। उन्होंने इस मंदिर में विद्वानों के समूह की तरफ से आयोजित कंब रामायणम के छंदों का पाठ भी सुना। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री का तमिलनाडु दौरा शुक्रवार से शुरू हुआ। छठे खेलो इंडिया अभियान का उद्घाटन करने पहुंचे पीएम मोदी के आगमन पर स्थानीय लोगों और उत्साही भाजपा समर्थकों ने फूल, माला और पार्टी के झंडे के साथ उनका स्वागत किया था। हजारों लोग सड़कों के दोनों ओर खड़े दिखे।खेलो इंडिया के उद्घाटन में पीएम मोदी-बता दें कि एक दिन पहले तमिलनाडु प्रवास पर पहुंचे पीएम मोदी ने शुक्रवार को छठे खेलो इंडिया अभियान का उद्घाटन राजधानी चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया। यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे।

## सीएम योगी बोले, प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल की आधारशिला है हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सफेद बारादरी में ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एग्जीबिशन से जुड़े हस्तशिल्प प्रेरणा का स्रोत है। वह आत्मनिर्भर होने के साथ ही लोगों को रोजगार दे रहे हैं। हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन देखने में भले ही छोटी लग रही है, लेकिन यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में वर्ष 2018 में परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए एक जिला एक उत्पाद का एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों के एक यूनिक प्रोडक्ट का चयन कर उसकी मार्केटिंग की गई। इससे परंपरागत उद्योग को एक नई दिशा और वैश्विक पटल पर पहचान मिली। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में आयोजित ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कहीउत्तर प्रदेश में पोटेंशियल की कोई कमी नहीं- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके प्रशिक्षण के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उन्हे मानदेय और टूलकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि लैंडलॉक्ड स्टेट कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश का दो से तीन वर्ष के अंदर एक्सपोर्ट दो गुने से अधिक हो गया। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने कई अभिनव प्रयोग किये। उन्होंने इन प्रयोगों से महिला सशक्तीकरण को जोड़ा, जो काम से वंचित थीं। उन्हें जब मौके मिला तो उन्होंने अपने हुनर का प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि प्रदेश में पोटेंशियल की कमी नहीं है। आज गवर्नर आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। हैंडीक्राफ्ट से जुड़े कारीगर और हस्तशिल्प प्रेरणा का स्रोत हैं क्योंकि वह आत्मनिर्भर होने के साथ दूसरों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। कोरोना कालखंड में प्रदेश में 40 लाख से अधिक लोग आए। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना हमारे लिये बड़ा चैलेंज था। ऐसे में सरकार के आह्वान पर प्रदेश की 96 लाख एमएसएमई यूनिट ने इन्हे काम देकर संकट की घड़ी में साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश में कुछ भी असंभव नहीं है। इतना ही नहीं आज प्रदेश की ओडीओपी योजना अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं और इसे नई पहचान दे रही हैं।आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने गुजरात से ग्राम स्वराज की नई प्रेरणा दी। यहां पर ग्रामश्री संस्था का जन्म होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को आगे बढ़ाते हुए हस्तशिल्पियों और कारीगरों को टेक्नोलॉजी से जोड़ नई दिशा दी है। आपस में आदान-प्रदान कर इसे नया रूप दे रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल विजन को दर्शाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि ग्रामश्री संस्था की तरह अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिये ताकि पूरा विश्व देश के कारीगरों के हुनर को जान सके। पहले देश में पर्व और त्यौहार आने पर चीन द्वारा निर्मित सामान देश की मार्केट में छा जाते थे। उनकी कोई क्वालिटी नहीं होती थी। ऐसे में हमने महिला स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के अनुरुप जब उन्होंने काम शुरू किया जो देश ही नहीं विदेशों में भी ओडीओपी योजना के तहत प्रदेश के उत्पाद छा गये। इतना हीं नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी विदेशी दौरे पर जाते हैं तो वह देश के किसी न किसी राज्य के प्रोडेक्ट को मेहमानों को भेंट स्वरूप देते हैं, जो यह दर्शाता है कि इस फील्ड में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की एग्जीबिशन टेक्नोलॉजी के आदान प्रदान के साथ एक दूसरे की विद्या और परंपरा को जानने का अवसर देती है। साथ ही मार्केट की आवश्यकता और डिमांड के अनुसार सप्लाई चैन के साथ जोड़ने में भी मदद करती है। एग्जीबिशन के माध्यम से सभी एकजुट होकर आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। इसके लिए सीएम योगी ने उनका आभार प्रकट किया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रभु श्री राम की पावन जन्मभूमि पर 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में 500 वर्षों के बाद प्रभु श्री राम लला विराजमान होने जा रहे हैं, इसके लिए मैं आप सभी को शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। कार्यक्रम में गवर्नर आनंदीबेन पटेल, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री आशीष पटले और मेयर सुषमा खर्कवाल आदि शामिल हुए।


## अखिलेश बोले, जयंत के साथ सात सीटों पर चर्चा की... कांग्रेस के साथ जीत की संभावना पर होगा निर्णय




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने जयंत चौधरी से सात सीटों पर चर्चा की। जल्द ही कांग्रेस के साथ भी बैठक कर निर्णय लेंगे।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन में सीटों का बंटवारा जीत की संभावना के आधार पर होगा।

उन्होंने रालोद से सीटों के बंटवारे पर कहा कि हमारी और रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी की बात अच्छी बातचीत हुई। हमने मिलकर सात सीटों पर चर्चा की है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ भी गठबंधन की बात चल रही है। कई बैठकें दिल्ली में हो चुकी हैं। बहुत जल्द ही और बैठकें होंगी और जल्द ही रास्ता निकाल लिया जाएगा।उन्होंने कांग्रेस को कितनी सीटें देंगे? पूछने पर कहा कि सवाल सीटों का नहीं है। हम जीत की संभावना के आधार पर निर्णय लेंगे।

## राम रहीम का भक्तों को संदेश: दीपावली की तरह मनाएं राम जी का पर्व, छठी बार फरलो पर पहुंचा बरनावा आश्रम



डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फिर से 50 दिन की फरलो मिली है। राम रहीम शनिवार को बरनावा आश्रम पहुंचा है। डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम शुक्रवार शाम को 50 दिन की फरलो पर बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में पहुंच गया। उसके साथ परिवार के सदस्य व मुंह बोली बेटी हनीप्रीत भी आई है। इससे पहले भी वह पिछले वर्ष 21 दिन की फरलो पर आश्रम में रहा और यहां से 13 दिसंबर को सुनारिया जेल गया।रोहतक की सुनारिया जेल में हत्या व दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा डेरा प्रमुख को छठी बार 50 दिन की फरलो मिली है। इससे पहले वह वर्ष 2022 में 17 जून को 30 दिन, 15 अक्तूबर को 40 दिन, वर्ष 2023 में 21 जनवरी को 40 दिन, 20 जुलाई को 30 दिन की पेरोल और 21 नवंबर को 21 दिन की फरलो पर आकर परिवार के सदस्य व मुंह बोली बेटी हनीप्रीत के साथ बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में रहा। यहां से बीते वर्ष 13 दिसंबर को रोहतक की सुनारिया जेल गया। 50 दिनों की फरलो होने के बाद शुक्रवार देर शाम उसे सुनारिया जेल से हरियाणा पुलिस सुरक्षा में लेकर चली। जनपद में आने पर बागपत पुलिस ने उसे सुरक्षा दी। डेरे के मुख्य द्वार पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया। राम रहीम की चार गाड़ियों को सुरक्षा में लेकर थाना प्रभारी बिनौली एमपी सिंह व हरियाणा पुलिस आश्रम बरनावा में शाम 7 बजकर 20 मिनट पर पहुंची। इन चारों गाड़ियों में एक गाड़ी में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम था। उसके आश्रम में प्रवेश करते ही मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। गेट पर पुलिस का पहरा लगाया गया। साध संगत के आश्रम के अंदर प्रवेश करने पर रोक लगाई गई। थाना प्रभारी एमपी सिंह ने कहा कि फरलो के नियमों का पालन कराया जाएगा और वहां पुलिस तैनात कर दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। ये होती है फरलो -दुष्कर्म व हत्या के मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा डेरा प्रमुख को 50 दिन के लिए फरलो पर रिहा किया गया है। यह 50 दिन भी सजा में ही गिने जाएंगे। फरलो एक तरह से छुट्टी की तरह होती है, जिसमें कैदी को कुछ दिन के लिए रिहा किया जाता है। फरलो की अवधि को कैदी की सजा में छूट और उसके अधिकार के तौर पर देखा जाता है। फरलो सिर्फ सजा मिल चुके कैदी को ही मिलती है। फरलो आमतौर पर उस कैदी को मिलती है, जिसे लंबे वक्त के लिए सजा मिली हो। इसका मकसद होता है कि कैदी अपने परिवार और समाज के लोगों से मिल सके, इसे बिना कारण के भी दिया जा सकता है। हर राज्य में फरलो को लेकर अलग-अलग नियम हैं। राम जी का पर्व दीपावली की तरह मनाने का दिया संदेश- डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम बरनावा के आश्रम में पहुंचते ही अपने यूट्यूब अकाउंट पर लाइव आये। डेरा प्रमुख ने साध संगत को राम जी के पर्व में शामिल होकर उसे दीपावली की तरह मनाने का संदेश दिया। साथ ही साध संगत से यूपी नहीं आने की अपील भी की।डेरा प्रमुख ने कहा आपकी सेवा व आपके दर्शनों के लिए फिर हाजिर हुए हैं और दूसरी बात आपको यूपी में नहीं आना। जैसे सेवादार जिम्मेदार आपको बताते हैं, वही रहकर ही खुशियां मनानी हैं। तीसरी बात शाह सतनाम का एमएसजी भंडरा माह चल रहा है, उसकी सभी को बधाई। मालिक आपको खुशियां दे और चौथी बात राम जी का पर्व मनाया जा रहा है आप सब उस पर्व में शामिल हों। क्योंकि हम सारे उस राम जी की संतान हैं। उस पर्व को एक दीपावली की तरह मनाया जाए।

## बाबरी मस्जिद को मुसलमानों से छीना गया, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर भड़के ओवैसी



असदुद्दीन ओवैसी कर्नाटक के कलाबुर्गी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के जीबी पंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब रात के अंधेरे में मस्जिद के अंदर मूर्तियां रख दी गई थीं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राम नगरी को सजाया जा रहा है। जहां एक तरफ लोग राम भक्ति में सराबोर हैं। वहीं दूसरी ओर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी लगातार राम मंदिर के निर्माण को लेकर सत्ता और विपक्ष पर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारतीय मुसलमानों से बाबरी मस्जिद को योजनाबद्ध तरीके से छीना गया है।500 साल तक बाबरी मस्जिद में नमाज अदा की दरअसल, ओवैसी कर्नाटक के कलाबुर्गी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, मुसलमानों ने 500 साल तक बाबरी मस्जिद में नमाज अदा की। जब कांग्रेस के जीबी पंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब रात के अंधेरे में मस्जिद के अंदर मूर्तियां रख दी गई थीं। बाद में इन्हें हटाया भी नहीं गया। ये मेरी मस्जिद है और हमेशा रहेगी।

## संपादकीय Editorial

### Is 'Ram Mandir' politics?

The consecration ceremony of Lord Ram in Ayodhya is purely 'religious'. Crores of people have faith in Ram Temple, but BJP is sure to get 'political benefits' from this ceremony. It is essential to understand the difference between religious and political. It is immature to term a cultural, spiritual event as 'political'. Congress will not achieve anything by merely cursing. Mahatma Gandhi had broadly defined 'Ram Rajya', 'Hind Swaraj', but he was against making India a 'Hindu nation'. India deeply understood and accepted his philosophy, his faith and his nationalism, as a result he became a 'Mahatma'. Senior Congress MP Rahul Gandhi should assimilate this and give his views on Ayodhya. The politics and religiosity of Congress should be redefined. Becoming like BJP or flatly criticizing BJP's national and religious issues will only strengthen the BJP. The way Rahul Gandhi has defined religion this time and termed Ram Mandir as a 'political programme' of RSS-BJP, he has exposed Congress itself. Perhaps Rahul may not be aware or his advisors may also be clueless that former Prime Minister Rajiv Gandhi had said a few days before his assassination that if anyone tried to touch the Babri Masjid, he would have to kill them first. It is also an important incident that Rajiv Gandhi started the election campaign of Congress in 1989 from Faizabad (then known as Ayodhya). Congress President Sonia Gandhi had given statements several times between 1998 and 2004 that Babri Masjid should not have been demolished. If any member of the Gandhi family had been in active politics, he would not have allowed the mosque to be demolished.

Sonia Gandhi also said that whenever she remembers Babri Masjid, tears come to her eyes. However, now such statements of mosque versus temple are meaningless, because after the decision of the Constitution Bench, a grand Ram temple is being built, but the way Rahul Gandhi has interpreted the religion and the sanctity of the statue of Lord Ram, it is just a political program. It is their duplicity. This also has a logical basis. Recently, when Rahul Gandhi went on a visit to Kedarnath Dham, he wore a cloth on which Om was written. If Rahul Gandhi visited 27 temples during Gujarat elections, performed puja, wore Rudraksha, applied sandalwood and other pastes on his forehead, then what would we call that? Was it religion or the practice of doing politics through religion? During Madhya Pradesh elections, when he came out of a temple with Kamal Nath, he was completely dressed in religious clothes and makeup. Why can't their religion remain separate from politics on such occasions? Rahul Gandhi should not differentiate between his words and behavior because the public judges the politics of the leader and the party on that basis. There has been a very long movement and struggle regarding the Ram temple. Only leaders and workers of RSS, VHP and BJP were included in it. Countless people also made sacrifices. Since Ram Temple is now being built as per the decision of the Constitution Bench, what will Rahul achieve by doing politics on this? Their parents have also been worried about the mosque, but who will worry about the robbers who damaged the Sanatan culture and demolished thousands of temples and places of worship? If Congress does not want to respect Ram Temple, then what is the point of cursing the Sangh Parivar? Will this strengthen the Muslim vote bank? The politics of the patriarch of Congress like Mahatma Gandhi was also not like this. It is an event that will be attended by representatives from more than 50 countries, although they are not Hindu nations.

# Internet Economy: This journey of three decades not only excites but also scares.

The small beginning of the Super Highway Conference held in America three decades ago, has reached various stages of the internet-based economy, from new web browsers, mobile internet to online payments, use of technology in wars and now Generative AI. , it excites as well as scares. It was thirty years ago. It was the eleventh day of January. When more than two dozen personalities from the government, education and communication sectors attended a future-oriented conference organized at the University of California, named 'Super Highway Summit'. There is an interesting incident related to this. The conference was actually being organized by Richard Frank of the Academy of Television, Arts and Sciences, taking a dig at whom the then US Vice President Al Gore said, 'If it is not televised, it did not happen.' Exactly the same thing you can see today in 2024. It can also be said that what is not on the internet and social media does not exist. The development of the Internet in the world has a long history. In a way, the beginning of the Internet superhighway and Internet-based economy can be seen with the Super Highway Summit. After the launch of NCSA Mosaic and Netscape web browsers in 1994, Microsoft brought WWW i.e. World Wide Web to Windows Explorer users. In this way, a small beginning moved towards the global Internet economy with some hesitation. The world's average age in 2024 is estimated to be around 30 and a half years. This shows that almost half of the world's more than eight billion population was born in the Internet era. The number of Internet users worldwide is more than 5.3 billion and it is continuously increasing. Google, which is a noun, has become a verb to search for answers. The web is no longer the only thing that spiders weave. Movies and music have started streaming. There is no need to even get up from the sofa to socialize. Expressions are becoming brief. All the predictions of American science fiction writer Isaac Asimov are now clearly visible on the mobile screen. However, the cycle of change has been quite short. The most widely used applications and the largest Internet-based companies are part of recent history. Till 1994, the identity of Amazon was limited to being only a quiet river of South America. Uber was not a ride, but an adjective. Meta (formerly Facebook), If we look at technological access from the Indian perspective, we will see a different story. Alexander Graham Bell received a patent for the telephone in 1876. But two-thirds of Indians did not get a phone until the 1990s. Internet also came into the hands of Indians when it was provided by VSNL in 1995. But today about 1.2 billion Indians are using mobile phones and 80 crore Indians are using the internet. More than 53 crore people are on WhatsApp and one-fifth of the total 2.7 billion users of YouTube are in India. The most significant impact of the Internet is seen in its increasing use in online payments. India's digital public model, thanks to the identification provided by Aadhaar, has now become a model for the developing world. According to data recorded by the National Payments Corporation of India, around 50 crore IMPS payments were made in December 2023. And 11.5 billion payments were made on the ubiquitous UPI platform. However, there is ongoing debate over the contribution of the Internet to global economic growth. According to a McKinsey study, there were two billion Internet users in 2011, while the Internet-based economy contributed about $80 trillion. According to a recent World Bank report, the digital economy contributes more than 15 percent to global gross domestic product (GDP) and is growing two and a half times faster than the world's real GDP. Online payments provide benefits to both customers and companies. Has benefited. Banks have got an opportunity to increase their presence in the market without opening more branches. Mutual funds have expanded their reach by providing online access to savers and providing new opportunities for funds and investments. But there are risks too. As seen in America, where depositors emptied their accounts within a few hours. However, now companies and regulators are also aware of these risks. The wars in Ukraine and the Middle East have seen increasing Internet-based offensive and defensive capabilities. Today, whether it is the Red Sea conflict, Israel-Palestine war or Russia-Ukraine war, Internet-based technologies have taken the shape of a new industry. Not surprisingly, unmanned aerial vehicles and cybersecurity have been the most emerging aspects of the military-industrial complex. The world is on the verge of what British entrepreneur Mustafa Suleiman calls 'the coming wave'. Private equity funds, companies and governments are ready for the next big leap with over two hundred billion dollars invested in generative AI and artificial intelligence. The whole world has high expectations from AI. Especially in eliminating disparities in the areas of access, skills and opportunities. However, it also raises economic, political and existential concerns. The idea that humanitarian efforts are limited has serious implications for different countries. Are going. There is a possibility of increased polarization at the political level and spread of anger and sadness on social media. The dangers of artificial intelligence are not just imaginary but also real, which also indicates the need for regulators to control it. There is no guarantee of solution to this problem, but the path suggested by the International Atomic Energy Agency for nuclear installations can definitely be a good solution. This is exactly the same measure as the ban and warning system in place when a tsunami occurs. However, it is not necessary that this solution proves sufficient. However, this will require global coordination. And, if world leaders don't have a solution, they can consult AI.

# Trolling of judges in social media and some ethical questions

Now the matter has gone beyond criticism of media trials and court decisions to trolling of judges who give verdicts. This is the reason that in the tenth Madhya Pradesh Judges Conference held recently in Bhopal, the judges of the district courts raised this issue loudly and sought guidance from senior judges as to what they should do about trolling of judges. Can trolling of judges on social media also be contempt of court or not? How should the narrative, nuisance and personal criticism of judges created in social media based on a particular ideological agenda or prejudice be taken? Because there are no very strict laws in India to crack down on social media. Even if such laws are made, what will happen to an individual's fundamental right to freedom of expression? Anyway, many people believe that social media is actually the voice of the public. Despite millions of criticism it cannot be suppressed. Most of the judges of the Supreme Court of the country who participated in the conference were of the opinion that it is better to ignore the cases of trolling of judges on social media for the time being. The feeling is that there is no benefit in being exposed to such elements. However, this answer is also full of many questions. Although the new challenge before the judiciary is that of Artificial Intelligence (AI), but its case is a little different. The issue of social media attacks on judges is more sensitive because court decisions work to protect justice in the society. This also provides guidelines and principles for running the society. It is not necessary that court decisions always appear fair and just, but those decisions can be criticized only on logical and legal grounds. But when questions are raised about the discretion, judiciality or bias of the judge behind such decisions and they are trolled in a vulgar manner, then it is natural for the judges to get disturbed. Many judges attending the conference said that currently indecent things are being said against us on popular social media platforms like WhatsApp groups and Facebook. Those who do not like the decision, spread confusion. Make lewd comments. Can we (judges) take contempt of court action against those who do this? In response to these questions, Supreme Court judge Justice Abhay S. Oak said that judges should neither be afraid of social media trolling nor be influenced by the narrative created under any agenda. Just ignore it, because there is no accountability on social media. Justice Oak said that in Mumbai, the use of social media to influence and harass judges has increased so much that petitions are filed against many judges. It became clear in this conference that if the judges community is most worried about anything today, it is social media. A media that has thousands of mouths, eyes and ears but no remote control anywhere. And probably no brain either. This media has now infiltrated human life so deeply that it is almost impossible for anyone to escape from it. Even if there is any left, it may be tagged as belonging to a primitive civilization. Similarly, concern has been expressed earlier also regarding indecent reactions towards judges on social media. Former Chief Justice of the Supreme Court, Justice Sharad Arvind Bobde, while assuming his post, had said that at present the Supreme Court cannot do anything to control uncontrolled criticism in social media. He said, 'We are against such media. Can't do anything right now. We don't know what steps we have to take. They are not only stigmatizing but also affecting the reputation of people and judges. On top of that there is also the complaint that there is no freedom of speech. He said that criticizing the judge and not the actual decision is defamation. Last year, while hearing arguments in a case involving WhatsApp, Supreme Court Justice Deepak Gupta had remarked how innocent people were being trolled online and how anonymous entities had used social media to tarnish reputations. . A few months ago, a separate bench of Justice Indira Banerjee and Justice Ajay Rastogi had pointed out how judges also have to bear the brunt of social media. Similarly, during an online lecture on fake news and misinformation, Justice Sanjay Kishan Kaul had spoken out against the trend of intolerance being spread by social media against the judiciary and especially the allegations being leveled against the judiciary. Former Supreme Court Chief Justice Justice NV Ramana had said that judges were now becoming targets of "abusive social media postings". An argument can be made that since the Indian judiciary is generally not used to much criticism in the traditional media, such extreme and indecent reactions in social media are becoming a troublesome bias for it. That is, the judiciary's encounter with the media in the form of social media is a new type of and one-sided conflict. There may be a degree of truth in this. Till now the media and especially the print media has been limited to giving dignified and logical criticism of judicial decisions in view of its constitutional and professional responsibilities. Generally considered as the fourth pillar, the media (media) is considered as the third pillar of democracy.There has always been a feeling of respect. However, the spread of electronic media at the beginning of this century encouraged the trend of media trials of the accused even before judicial decisions. Going further than this, now social media has gone even further and started attacking the judges directly, which is very serious and dangerous. Due to this, there is a danger of people losing faith in the justice system itself. Because if the decisions are criticized on the basis of the judge's intentions, narrative and ideological leanings, then how will any judge be able to give unbiased decisions as per his discretion. We should not forget that judges are also human beings after all. Personal grudges may be at work there too.

# मुरादाबाद स्थित गलशहीद चौराहे पर नमो ऐप डाउनलोड का एक कैंप लगाया गया



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा गलशहीद चौराहे पर नमो ऐप डाउनलोड का एक कैंप लगाया गया, इसमें 150 नमो ऐप डाउनलोड किए गए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, श्री फुरकान हुसैन के द्वारा यह कैंप लगाया गया है, इस समय नमो एप डाउनलोड करने का देश व्यापी अभियान चला रहा है। जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि श्याम बिहारी शर्मा द्वारा बताया गया की नमो ऐप जो है यह कोई राजनीतिक ऐप नहीं है, किसी पार्टी का ऐप नहीं है, यह देश के प्रधानमंत्री की ऐप है, जिसमें बहुत सी जानकारियां है योजनाएं हैं, परियोजनाएं हैं, सरकार कहां क्या कर रही है प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं, और यहां तक अगर किसी को कोई समस्या है, तो वह भी लिखकर अपना फोटो भेज सकता है, उसकी समस्या का समाधान भी इस ऐप के माध्यम से हो सकेगा, बहुत अच्छी ऐप है, बहुत सुविधा ऐप के अंदर हैं, इसमें जो आज की युवा पीढ़ी है, वह जान रही है समझ रही है, बहुत अच्छी तरह इस ऐप को चला रही है, तो नमो एप हमारा सबसे अगरे है, के अधिक से अधिक अपने फोन में डाउनलोड करै और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं, इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि, श्याम बिहारी शर्मा, साथ में आईटी विभाग के संयोजक सुमित, एवं इस प्रोग्राम के संयोजक फुरकान हुसैन, मोहम्मद शहाबुद्दीन, दानिश खान, हाजी यूसुफ अंसारी, रुस्तम अंसारी, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे

# करंट से बैल और नाग की मौत, पुलिस ने विधि-विधान से कराया अंतिम संस्कार

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र के गोट गांव में स्कूल के पास लगे ट्रांसफार्मर व खंभे से नीचे तारों में आए करंट से हुई पशुहानि के बारे में जानकारी देते ग्रामीण गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पड़ोस में लगे ट्रांसफार्मर और खंभे से नीचे जमीन तक आए तार में करंट आने से बेसहारा पशु और एक नाग की मौत हो गई। घटना शनिवार अपराह्न साढ़े तीन बजे की है। बैल को तड़पते देख उसके बचाव में गांव के किसी व्यक्ति की हिम्मत नहीं पड़ी तो ग्रामीण कुलदीप सिंह ने पुलिस को फोन कर जानकारी दी। यह मामला कटघर थाना क्षेत्र के गांव गोट का है। करंट से बैल और नाग की मौत की खबर आसपास के अन्य गांवों में भी जंगल में आग की तरह फैल गई। इससे काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवाओं के साथ बुजुर्ग भी मौके पर पहुंच गए थे। जब तक पुलिस पहुंचती तब तक मौके पर भीड़ जुट चुकी थी। कटघर थाना क्षेत्र के गोट गांव में करंट से मरे बैल व नाग के अंतिम संस्कार के लिए खोदे गए गड्ढे में नमक डालते पुलिसकर्मी व ग्रामीण उधर, फोन पर खबर पाकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल ने तुरंत



दलपतपुर उपखंड के अवर अभियंता प्रदीप कुमार को घटना की जानकारी देकर तुरंत बिजली की सप्लाई रोकवाई। फिर स्थानीय स्तर पर जेसीबी की व्यवस्था कर घटना स्थल से कुछ दूर पर गहरा गड्ढा कराया और उसमें विधि विधान के साथ मृतक बैल व नाग का अंतिम संस्कार कराया। काफी मात्रा में नमक भी डलाया। पुलिस की इस तरह की सक्रियता और कार्यशैली देखकर गांव वाले भी सराहना कर रहे थे। गोट गांव के कुलदीप सिंह ने बताया कि हैरत की बात है कि पता नहीं कहां से काला नाग भी करंट की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस अनहोनी को देखने के लिए आसपास के कई गांवों से भी लोग आ गए थे। कुलदीप सिंह ने बताया कि ट्रांसफार के पास खंभे के सहारे नीचे जमीन तक आए तारों में कई दिनों से करंट आ रहा था। इस संबंध में बिजली कर्मियों को बताया भी गया था लेकिन, उनकी लापरवाही के कारण ही बैल व नाग की जान चली गई। गनीमत रही कि पड़ोस में जूनियर हाईस्कूल है और गांव के तहत बच्चे यहीं खेलते रहते हैं, उनके साथ कोई अनहोनी नहीं हुई और वह लोग करंट की चपेट में नहीं आए।



उधर, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों में हेड कांस्टेबल राज कुमार, निशांत व रामपुर दोराहा के सचिन मिश्र ने बताया कि उनकी सक्रियता से आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। गोट गांव के पूर्व प्रधान अजय कुमार सिंह, मोहन सिंह, राकेश शास्त्री, राकेश सिंह भी घटनास्थल पर मौजूद थे। इन लोगों ने बताया कि मृतक पशु के अंतिम संस्कार में पुलिसकर्मियों ने भी सहयोग किया और गांव के लोग भी आपसी सहयोग से नमक आदि लाकर विधि पूर्वक अंतिम संस्कार किया है।

# सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, धार्मिक स्थलों पर एंटी सबोटाज टीम ने चलाया चेकिंग अभियान





मुरादाबाद- अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन को लेकर हर जगह चौकसी बरती जा रही है। इसी क्रम में मुरादाबाद क्षेत्र में भी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। शनिवार को बम निरोधक दस्ता की एंटी सेबोटाज टीम ने महानगर में चेकिंग अभियान चलाया है। अभियान के पहले दिन कोतवाली नगर और गलशहीद थाना क्षेत्र के सभी मंदिर और धार्मिक स्थलों के आसपास आधुनिक उपकरणों से जांच की गई है। वहां परिसर और आसपास में खाली घूम रहे लोगों से भी पूछताछ हुई है। टीम सदस्यों ने बुध बाजार, मंडी चौक, बर्तन बाजार, रोडवेज बस अड्डा, प्रिंस रोड आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिर और उसके आसपास पहुंचकर संदिग्ध वस्तु व विस्फोटक सामग्री की जांच की है। एंटी सेबोटाज टीम प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम में कुल पांच सदस्य हैं। यह सभी लोग अब अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने के मद्देनजर महानगर व जिले के अन्य क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों के साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नजर बनाए हुए हैं। अभियान के पहले दिन शनिवार को टीम ने करीब 14-15 धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर गहनता से जांच की है। कोतवाली क्षेत्र की बुध बाजार पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप राणा ने बताया कि उनके क्षेत्र में मंडी चौक के दुर्गा मंदिर और मानपुर के प्राचीन मंदिर में भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होने हैं। यह कार्यक्रम अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के क्रम में यहां भी आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को क्षेत्र के सभी मंदिरों पर एंटी सेबोटाज टीम के सदस्यों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया है। इस टीम के साथ कोतवाली नगर थाने की पुलिस टीम भी शामिल रही है। इसके बाद एंटी सेबोटाज टीम गलशहीद थाना क्षेत्र में जाकर रोडवेज बस अड्डा क्षेत्र के मंदिरों और उसके आसपास क्षेत्र में संदिग्ध वस्तु एवं विस्फोटक सामग्री की जांच की है।

# डीएम कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन, कहा- भारतीय नागरिकों को मौत के मुंह में धकेल रही सरकार

मुरादाबाद- यूपी से दस हजार श्रमिकों को इजरायल भेजे जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया है। कांग्रेसियों का आरोप है कि युद्धग्रस्त इजराइल में भारतीय नागरिकों को भेजना मौत के मुंह में धकेलने जैसा है। उन्होंने सरकार के इस फैसले का विरोध करते हुए तत्काल इसे वापस लेने की मांग की है। शनिवार को डीएम कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए यूपी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नेताओं ने कहा है कि उत्तर प्रदेश से दस हजार मजदूरों को युद्ध प्रभावित इजराइल भेजने का फैसला जनविरोधी है। सरकार के इस फैसले के खिलाफ उत्तर प्रदेश के हर जिले में आंदोलन किया जा रहा है। उनका कहना है कि इजराइल में युद्ध चल रहा है। हमारे देश के श्रमिकों की जान जोखिम में डाली जा रही है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि



इजराइल और फिलिस्तीन के बीच इस युद्ध में कई अन्य देश भी उनकी मदद कर रहे हैं। जिसके कारण यह युद्ध दिन-ब-दिन भयानक रूप लेता जा रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश से मजदूरों को वहां काम करने के लिए भेजना उनकी जान से खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब हो सकती है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह बेरोजगार श्रमिकों को अपने देश में रोजगार दें। सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहती है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर भारत से भेजे गए मजदूरों की जान को कोई खतरा होता है तो क्या सरकार इसकी जिम्मेदारी लेगी? उन्होंने सरकार से श्रमिकों को इजराइल भेजने का फैसला वापस लेने का आग्रह किया है।

# पत्नी-बेटी के आपत्तिजनक फोटो वायरल, डीआईजी के हस्तक्षेप पर रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- सोशल मीडिया पर आरोपी ने पीड़ित की पत्नी व बेटी के आपत्तिजनक फोटो बनाकर वायरल कर दिए हैं। इस मामले में पीड़ित ने मझोला थाने पहुंचकर कई बार मदद की गुहार लगाई लेकिन, सुनवाई नहीं हुई तो वह डीआईजी के दरबार पहुंचा था। डीआईजी के हस्तक्षेप के बाद अब मझोला पुलिस ने प्रकरण में आरोपी अमन वर्मा पुत्र पंकज वर्मा के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

आरोपी अमन कटघर थाना क्षेत्र में भदौरा में सुनारों वाली गली का रहने वाला है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अमन वर्मा ने इंस्ट्राग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया है। इस पर उनकी पत्नी व बेटी की आपत्तिजनक फोटो बनाकर वायरल कर दिए हैं। पीड़ित ने और जब उसकी बेटी आरोपी से विरोध किया तो वह गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दे रहा है। बताया कि 14 जनवरी के दिन उनकी बड़ी बेटी के जन्मोसत्व में भी आरोपी अमन वर्मा ने आकर फोटो वायरल व बदनाम कर जान से मार देने की धमकी दे रहा था। पीड़ित का कहना है कि उनका परिवार काफी डरा और परेशान है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई कर संबंधित सोशाल मीडिया अकाउंट पर वायरल हो रही आपत्तिजनक फोटो को हटवाकर फर्जी आइडी को बंद कराने की मांग की है। पीड़ित ने बताया

कि उन्होंने पुलिस को फर्जी आइडी पर वायरल फोटो व अन्य दस्तावेजों के स्क्रीन शॉट भी दिए हैं।फोटो वायरल करने का कारण जांच आरोपी को करेंगे गिरफ्तार- मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि डीआईजी के निर्देश पर पीड़ित पक्ष की ओर से सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम के तहत आरोपी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है लेकिन, पीड़ित पक्ष से अभी संपर्क नहीं हो पाया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि जानकारी की जा रही है कि आरोपी अमन वर्मा पीड़ित पक्ष की पत्नी व बेटी की आपत्तिजनक फोटो बनाकर क्यों वायरल कर रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बच्चों का मानसिक तनाव होगा कम, सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था

मुरादाबाद-महानगर के शिक्षा विशेषज्ञों ने शिक्षा मंत्रालय के कोचिंग इंस्टीट्यूट्स पर लिए फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे बच्चों से मानसिक तनाव हट जाएगा। साथ ही जिन लोगों ने शिक्षा को व्यापार बना रखा था। उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। बता दें कि शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत अब कोचिंग इंस्टीट्यूट्स 16 साल से कम उम्र के छात्रों को एडमिशन नहीं दे सकेंगे। इसके अलावा भ्रामक वादे करना और अच्छे नंबरों की गारंटी देने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। इस फैसले की विशेषज्ञों ने सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में अभिभावक बच्चों को कम आयु में ही कोचिंग सेंटर में पढ़ने भेज देते हैं। जिससे उन बच्चों के दिमाग पर अधिक भार हो जाता है। बच्चा मानसिक तनाव में रहना लगता है। कई बार वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है। जीआईसी कॉलेज के प्रधानाचार्य श्यामा कुमार ने बताया कि कुछ लोगों ने अब शिक्षा को व्यापार बना लिया है। शहर-शहर में कोचिंग सेंटर खुल गए हैं। जिनमें छात्रों को लुभावने आफर देकर बुलाया जाता है। उनसे मोटी रकम लेकर बड़ा मुनाफा कमाते हैं। देखने में आ रहा है कि छोटी आयु में बच्चे स्कूल न जाकर कोचिंग सेंटर जा रहे हैं। वहां स्कूल की पढ़ाई के साथ सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं। अधिकांश छात्र मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं। कई राज्यों में देखा गया है कि छात्रों ने तनाव के चलते आत्महत्या भी कर ली है। यह फैसला बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ही अच्छा है। वहीं इस फैसले से शिक्षा को व्यापार बनाने वाले लोगों को काफी नुकसान होगा। यह फैसला बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की स्थितियों को समझना होगा। अभिभावक भी अपने बच्चों पर छोटी आयु में अधिक दबाव में न डाले। इससे उसका भविष्य खतरे में आ सकता है।- प्रीतम सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय कन्या हाईस्कूल बहोरनपुर कला यह फैसला बहुत जरूरी था। जो लोग कोचिंग सेंटर चलाने के नाम पर व्यापार कर रहे थे। उन्हें इससे बहुत क्षति पहुंचने वाली है। इसका बच्चों के भविष्य पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ेगा। बच्चे अब मानसिक तनाव से मुक्त हो जाएगे।-कुशल शर्मा, छात्र नेता

KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# तन मन धन सब निष्काम, जब तक नहीं विराजे राम- डॉ0 संदीप

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। लगभग 500 वर्षों बाद 22 जनवरी को अयोध्या में पुनः भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है यह संपूर्ण विश्व के सनातनियों के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है। सनातन धर्म में भगवान राम का नाम बड़े ही सम्मान के साथ लिया जाता है, भगवान विष्णु ने सातवां अवतार श्री राम के रूप में लेकर संपूर्ण विश्व को धर्म परायणता और मर्यादा का पाठ पढ़ाया। आज से लगभग 500 वर्ष पूर्व जब मुगलों द्वारा अयोध्या में राम मंदिर को ध्वस्त कर बाबरी मस्जिद का निर्माण किया गया उस समय परिस्थिति अनुकूल न होने के कारण सनातन धर्म के अनुयायी कुछ विशेष विरोध नहीं कर सके लेकिन स्वतंत्रता के बाद से लगातार यह मुद्दा ज्वलंत बना रहा। 1992 में जब कार सेवकों ने बाबरी मस्जिद का विध्वंस किया तब सनातन धर्म की शक्ति की गूंज संपूर्ण विश्व में सुनाई दी। त्रेता युग में जिस समय भगवान राम ने जन्म लिया था वैसा ही संयोग 22 जनवरी को बन रहा है इसीलिए भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा इस दिन की जा रही है जिसमें भगवान राम की मूर्ति को जीवंत रूप दिया जाएगा। यह आयोजन भारतवर्ष में एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है क्योंकि इस अवसर हेतु सनातनी सैकड़ो वर्षों से धैर्य धारण किये हुए हैं। इस अवसर पर हम सभी को अपने घरों में दीपक जलाकर श्री राम के आगमन की उस प्रकार खुशियां मनानी चाहिए जब भगवान राम वनवास पूर्ण कर पुनः अयोध्या लौटे थे। श्री राम तो वनवास से लौट आए थे लेकिन अयोध्या में उनका न होना हम सभी के लिए वनवास के समान रहा जो बहुत जल्द समाप्त होने वाला है। इस अवसर के लिए सैकड़ों लोगों ने संघर्ष कर अपना सर्वस्व त्याग दिया हम उनके भी ऋणी हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनको भी सद्बुद्धि दें जो इस महान अवसर पर प्रतिकूल भावनायें प्रकट कर रहे हैं।

# लहर की देवी मंदिर से निकली कलश यात्रा, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जनपद झांसी में विभिन्न स्थानों मंदिरों पर लगातार धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में मां लहर की देवी मंदिर पर भी लगातार धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। शनिवार की सुबह सीपरी बाजार स्थित शक्ति पीठ माता लहर की देवी मंदिर से महंत मोहनदास गिरी जी महाराज के नेतृत्व में डीजे ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में आगे डीजे और ढोल नगाड़े चल रहे पीछे पीछे सैंकड़ों महिलाएं अपने सर पर कलश रख कर चल रही थी। कलश यात्रा में दर्जनों साधु संत व भक्तगण उपस्थित थे। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से सुबह बारह बजे शुरू होकर जर्मनी हॉस्पिटल चौराहा होते हुए रामाबुक डिपो चौराहा से सीपरी बाजार सुभाष मार्केट से आर्य कन्या महाविद्यालय होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत ओडगी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के निर्देशन पर श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर से पूर्व सार्वजनिक एवं कार्यालयीन परिसर को साफ सुथरा रखने के संदेश के आह्वान पर मुख्यालय जनपद पंचायत ओडगी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सर्व अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा महीला समूहों के द्वारा सामुहिक स्वच्छता श्रमदान कर कार्यालय परिसर में व सार्वजनिक मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और साफ सफाई किया गया।

साथ ही जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले समस्त 74 ग्राम पंचायतों में भी धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता आभियान 22 जनवरी तक चलाया जा रहा है श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ।

# राम जन्मभूमि आंदोलन- कई दिनों तक अरुणा नगर मौहल्ला बना रहा पुलिस की दविशों का केंद

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एटा,राम जन्मभूमि आंदोलन- कई दिनों तक अरुणा नगर मौहल्ला बना रहा पुलिस की दविशों का केंद्र 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य रूप से भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण होगी और मंदिर समूचे विश्व में अपनी भव्यता के लिए जाना जाएगा। इस ऐतिहासिक क्षण को लाने में एटा के मौहल्ला अरुणानगर के निवासियों का योगदान भले ही सागर में सेतु निर्माण में अपने बालों में रेत भरकर लाने वाली गिलहरी के समान हो, लेकिन नजरंदाज नहीं किया सकता। जब एक ही मौहल्ले के दो परिवारों के पिता पुत्रों को इस महान क्षण को लाने के लिए जेल यात्राएं करनी पड़ी। पहला परिवार रहा प्रांतीय संस्कृत भाषा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद वैद्य श्यामविहारी मिश्र का। जिन्हें पुलिस ने कासगंज के रामाधार जाजू आदि के साथ सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं उनके पुत्र आशुतोष मिश्र को नारायण भास्कर द्वारा किए जा रहे

सत्याग्रह को असफल करने के लिए पुलिस ने 2 नवंबर को उनके आवास से गिरफ्तार कर जिला कारागार में भेज दिया। वहीं दूसरा परिवार रहा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आरएसएस के जिला पदाधिकारी डा. नारायण भास्कर एडवोकेट का। जिन्हें 2 नववंर 1990 को सत्याग्रह के दौरान उनके ग्यारह वर्षीय बेटे अरुण कुमार उपाध्याय व सोमदेव पदमेश शास्त्री, धीरेद्र यादव आदि के साथ जनता दुर्गा मंदिर के चौराहे से पुलिस की टीम ने अपनी हिरासत में लिया। सात दिन तक जिला कारागार में रहने के बाद रिहा किया गया। इस मामले में खास बात यह रही कि डा नारायण भास्कर एडवोकेट ने पूर्व से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुलिस महानिदेशक आदि को अपने सत्याग्रह और उसमें प्रयोग होने वाले नारों आदि के बारे में नोटिस दे दिया था। ऐसे में उनके परिवार पर पुलिस की दविशें देना लाजमी था। बहरहाल जब अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो रहे है तो यह दोनों परिवार अपने उस समय को प्रयासों को सार्थक मान रहे है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# उमेश राजपूत नवनियुक्त प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस का फूल माला पहना कर स्वागत किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा-भारतीय युवा कांग्रेस के फ्लैगशीप कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीजन 4 का लॉन्चिंग एटा कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर यंग इंडिया बोल के प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथिति के रूप मे गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष,ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, बिनीत पारासर बाल्मीकि प्रदेश सचिव सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। यंग इंडिया के बोल के जरिए भारतीय युवा कांग्रेस जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक प्रवक्ताओं का हक दिलाने का कार्य करेगी।, यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए

ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी एटा ने बताया की यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीति में युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध करवाना है। कांग्रेस नेता नेता श्री राहुल गांधी हमेशा युवाओं को अवसर देने की बात करते है और यूथ कांग्रेस का यह कार्यक्रम अच्छे वक्ताओं को राजनीतिक मंच प्रदान करता है। उमेश राजपूत प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस ने कहा की यंग इंडिया के बोल के आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है। आवेदन की आखिरी तारीख 20 जनवरी है। वक्ताओं का चयन तीन चरणों मे होता है। प्रथम चरण में जिला स्तर प्रतियोगिता, दूसरे चरण में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता और अंतिम चरण में राष्ट्रीय स्तर का ग्रेंड फिनाले होता है। ग्रेंड फिनाले फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगा। बैठक मे नव निर्वाचित उमेश कुमार राजपूत को यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव बनाएं जाने पर कांग्रेस कार्यालय पर स्वगत फूल माला पहना कर किया गया। जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी, कार्यवाक अध्यक्ष अनिल सोलंकी ,बिनीत पारासर बाल्मीकि प्रदेश सचिव, शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग ,जिला अध्यक्ष कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग मोहम्मद तसव्वुर ,प्रदेश महासचिव उमेश कुमार ,एडवोकेट सुभाष सागर ,ठाकुर ओमप्रकाश सिंह,संजीव गुप्ता, ओमबीर सिंह राजपूत, संजेश यादव, जितेंद्र राणा , राजीव लोधी राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे

# भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष तेजीन्दर निर्वाल भवाणी नाथ मंदिर पहुंचे

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली -भवाणी नाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान में लिया हिस्सा भाजपा जिलाध्यक्ष ने भवाणी नाथ मंदिर में दर्शन कर किया पूजन- अर्चन भाजपा जिलाध्यक्ष तेजीन्दर निर्वाल ने श्रमदान किया...साथ मे भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन भगत जी सुखचैन वालिए रवि कश्यप रजनीश नामदेव बादल गौतम तेजस्वी पँवार नीरज गौतम एवं सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर किया श्रम दान भाजपा धार्मिक स्थलों पर चला रही स्वच्छता अभियान प्राण प्रतिष्ठा के पहले चल रहा स्वच्छता अभियान सभी तीर्थ स्थानों, मंदिरों में सफाई का अभियान 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान।

# भारत संकल्प यात्रा के दौरान जलेसर विधायक का भव्य स्वागत




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जलेसर। विधानसभा जलेसर के ग्राम- उदेरी एवं ग्राम-सरानी मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत कार्यक्रम मे सम्मिलित हुआ एवं केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगो को अवगत कराया साथ मे अवागढ़ अध्यक्ष श्री महेश पाल सिंह जी, जिला उपाध्यक्ष श्री सचिन उपाध्याय जी, जिलाध्यक्ष श्री देवेंद्र भदोरिया जी,पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री राजेश सरानी जी, जिला महामंत्री भाजयुमो श्री दिनेश लोधी जी, मंडल अध्यक्ष आवागढ़ श्री नवीन दीक्षित राजू नेताजी, सभासद श्री मोना वार्ष्णेय ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सत्येंद्र जी, प्रधान श्री राम नरेश जी आदि प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे!!

# श्रद्धा के बिना ज्ञान अधूरा: गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी



क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

